RNI-NO.MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

संपादक-गोपाल गावंडे

वर्ष - 11 | अंक-29 इन्दौर , प्रति मंगलवार, 20 अगस्त से 26 अगस्त 2024 | पृष्ठ-8 | मूल्य -2

# केंद्र सरकार ने UPSC में लेटरल एंट्री पर लगाई रोक, कांग्रेस ने कहा मजबूर होकर लिया फैसला

**केंद्र सरकार ने संयुक्त सचिव निदेशक व उपसचिव के 45 पदों पर सीधी भर्ती पर रोक लगा दी है. इस पर कांग्रेस ने कहा प्रधानमंत्री पर हमला बोला है और कहा है की उन्होंने मजबूर होकर ये फैसला वापस लिया है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर UPSC में लेटरल एंट्री के विज्ञापन पर रोक लगा दी है. इसकी जानकारी कार्मिक मंत्री ने क्स्ट चेयरमैन को पत्र लिखकर दी है. बता दें की केंद्र सरकार ने संयुक्त सचिव निदेशक व उपसचिव के 45 पदों पर सीधी भर्ती का विज्ञापन निकाला था. अब केंद्र सरकार द्वारा लेटरल एंट्री के इस विज्ञापन पर रोक लगाने पर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर हमला बोला है. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा है की उन्होंने मजबूर होकर यह फैसला लेना पड़ा है।

### आरक्षण के अंत के द्वार खोलने वाला था केंद्र का यह फैसला', जयराम रमेश

क्स्ट में लेटरल एंट्री को लेकर केंद्र द्वारा रोक लगाने पर कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री पर हमला बोला है. उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने 10 वर्षों तक एकतरफा तरीके से काम किया है. अब, वह वास्तविकता के आमने-सामने आ गए हैं. वह अब एकतरफा तरीके से काम नहीं कर सकते. 45 पदों के लिए विज्ञापन दिया गया था. ये सलाहकार पद नहीं हैं. ये संयुक्त सचिव, निदेशक और सचिवालय के पद हैं जिनके लिए भारत के संविधान के प्रावधान लागू होते हैं. तो, यह आरक्षण के अंत का द्वार खोलना था. यह नागरिक नौकरशाही में अग्निवीर को लाना था. आपने सशस्त्र बलों में अग्निवीर को लाकर देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया है।

### कांग्रेस ने कहा संविधान पर हमला था लेटरल एंट्री का कांसेप्ट

जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए आगे कहा, अब आप नागरिक नौकरशाही के साथ खेलने की कोशिश कर रहे हैं. यही कारण है कि राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और भारत के अन्य राजनीतिक नेताओं ने कहा कि यह संविधान पर हमला है. यह आईएएस और नागरिक नौकरशाही का निजीकरण है और हमने इसे वापस लेने की मांग की. आज, अचानक, वे मजबूर हो गए हैंज् पीएम को इस वास्तविकता का सामना करना पड़ा है कि पूरे देश में इस लेटरल एंट्री योजना पर गुस्सा था।




# छात्र देवराज के अंतिम संस्कार में उमड़ी भीड़, शहर में नेट बंदी, पिता व चचेरे भाई ने दी मुखाग्नि

**राजस्थान के उदयपुर में मंगलवार सुबह मृतक देवराज का कड़ी सुरक्षा के बीच अंतिम संस्कार कर दिया गया। लोगों की भारी भीड़ के बीच जब पिता और चचेरे भाई ने बेटे को मुखाग्नि दी तो माहौल गमगीन हो गया।**

उदयपुर में चाकूबाजी की घटना में मारे गए छात्र देवराज का अंतिम संस्कार हो गया है। प्रशासन ने आज सुबह 4:30 बजे देवराज का शव उनके परिजनों को सौंप दिया था। तनाव को देखते हुए प्रशासन ने शहर में नेटबंदी की अवधि बढ़ा दी थी। अंतिम यात्रा के दौरान लोगों ने नारेबाजी भी की। पूरे एरिया में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त थे।

### ड्रोन से निगरानी

तनाव को देखते हुए प्रशासन ने यहां भारी जाब्ता तैनात कर दिया था। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए अंतिम संस्कार की ड्रोन से निगरानी की गई। मोक्षधाम में भी सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई थी।

### उदयपुर में आज स्कूलों में छुट्टी

उदयपुर में तनाव को देखते हुए प्रशासन ने यहां स्कूल-कॉलेजों में भी छुट्टी कर दी है। प्रशासन के लोग तथा समाज के नेताओं ने सभी से शांति की अपील की है।

### क्या था मामला

दरअसल, उदयपुर में सरकारी स्कूल के बाहर चाकू के वार से घायल दसवीं कक्षा के छात्र 15 वर्षीय देवराज की सोमवार को सांसें थम गईं। जयपुर, कोटा व उदयपुर के चिकित्सकों के प्रयास नाकाम रहे। करीब 78 घंटे बाद सोमवार शाम 4.15 बजे जैसे ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया, हर किसी की आंखें नम हो गईं। बता दें कि देवराज की मौत के बाद प्रशासन ने मृतक के परिवार को 51 लाख रुपए की आर्थिक सहायता, संविदा पर एक को सरकारी नौकरी व सुरक्षा देने की घोषणा की। इधर, प्रशासन ने मंगलवार रात तक इंटरनेट पर पाबंदी लगाई है। स्कूलों में अवकाश घोषित है।

# सिक्किम में भारी लैंडस्लाइड, तीस्ता डेम पावर स्टेशन ध्वस्त




**सिक्किम में मंगलवार की सुबह भारी लैंडस्लाइड हुआ, जिसमें तीस्ता बांध का पावर स्टेशन चपेट में आकर पूरी तरह से ध्वस्त हो गया.**


सिक्किम में मंगलवार की सुबह भयंकर लैंडस्लाइड हुआ, जिसमें नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन के तीस्ता चरण 5 बांध का पावर स्टेशन चपेट में आकर ध्वस्त हो गया. पूरा पावर स्टेशन मलबे में दब गया.

### पहाड़ी का एक बड़ा हिस्सा पावर स्टेशन में गिरा

लैंडस्लाइड के कारण पहाड़ी का एक बड़ा हिस्सा पावर स्टेशन में गिर गया. जिससे पूरा पावर स्टेशन मलबे में समा गया. सिक्किम में दिल दहला देने वाले लैंडस्लाइड का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है. हादसे में अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है.

### खतरे को देखते हुए पहले ही पावर स्टेशन को करा दिया गया था खाली

510 मेगावाट पावर स्टेशन में पहले से ही लैंडस्लाइड का खतरा मंडरा रहा था. पहले ही इलाके में छोटे-बड़े लैंडस्लाइड होते रहे हैं, जिसको देखते हुए पावर स्टेशन को पहले ही खाली करा दिया गया था.



संपादकीय

**केंद्रीय लोकसेवा आयोग (UPSC) द्वारा लैटरल एंट्री के तहत 45 पदों की नियुक्तियों का विज्ञापन दिया गया। कांग्रेस, RJD, समाजवादी पार्टी व BSP ने आरक्षण की कमी पर तीखा विरोध जताया। पिछले दौरों की तुलना में इस बार नियुक्तियों की संख्या ज्यादा है, जिससे विवाद बढ़ा।**

# पारदर्शिता बनी रहे, लैटरल एंट्री को लेकर UPSC के विज्ञापन पर बवाल




केंद्रीय लोकसेवा आयोग (UPSC) की ओर से जॉइंट सेक्रेटरी, डायरेक्टर और डेप्युटी सेक्रेटरी के 45 पदों पर लैटरल एंट्री की खातिर दिए गए विज्ञापन में कोई नई बात नहीं है। केंद्र सरकार की प्रतिष्ठित प्रशासनिक सेवा में लैटरल एंट्री की पॉलिसी नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली NDA सरकार के पहले ही कार्यकाल में लाई जा चुकी है। इसके तहत कई दौर की नियुक्तियां भी हो चुकी हैं। फिर भी, इस बार राजनीतिक दल इसका ज्यादा तीखा विरोध कर रहे हैं।

### विरोधी दलों की प्रतिक्रिया

कांग्रेस, RJD, समाजवादी पार्टी और BSP जैसे दलों ने इसके खिलाफ कड़े बयान जारी किए। सबसे बड़ी आपत्ति इस बात को लेकर है कि इन नियुक्तियों में SC/ST और OBC समूहों के लिए आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। इन दलों का आरोप है कि जानबूझकर आरक्षण व्यवस्था को दरकिनार करने के लिए ही मौजूदा सरकार लैटरल एंट्री प्रक्रिया पर जोर दे रही है।

### तीखे विरोध के पीछे

इस तरह के तीखे विरोध की एक वजह तो यह हो सकती है कि इस बार नियुक्तियों की संख्या पिछले दौरों के मुकाबले काफी ज्यादा है। लैटरल एंट्री पॉलिसी के तहत पहले राउंड की नियुक्ति 2019 में हुई थी, जिसमें सिर्फ 9 पद भरे गए थे। 2021 और 2023 में हुई नियुक्तियों को जोड़ दिया जाए तब भी अब तक इस प्रक्रिया के तहत कुल 63 नियुक्तियां ही हुई हैं। दूसरी बात यह कि हालिया लोकसभा चुनावों में जो कुछेक मुद्दे अहम माने गए, उनमें कास्ट सेंसस और संविधान बदलने का डर भी शामिल हैं। संभवतः इसलिए भी विरोधी दल लैटरल एंट्री के इस मुद्दे को हवा दे रहे हैं।

### संदेह का माहौल न बने

वैसे सिद्धांत रूप में लैटरल एंट्री की पॉलिसी गलत नहीं कही जाएगी। ब्यूरोक्रेसी में फ्रेश टैलंट लाना, अलग-अलग क्षेत्रों में अनुभव और कुशलता हासिल कर चुके लोगों को इससे जोड़ना खासा उपयोगी हो सकता है। लेकिन यह ध्यान रखना भी जरूरी है कि इसे लेकर समाज, राजनीति और प्रशासन के हलकों में संदेह का माहौल न बने।



संपादक-
गोपाल गावंडे

राजनीति

# राज्य सभा चुनाव 2024: बिहार से कौन होगा NDA कैंडिडेट, धुकधुकी में उपेंद्र कुशवाहा!

बिहार बीजेपी राज्य सभा सदस्य के चयन पर चर्चा हुई। बैठक में 12 सदस्यों ने भाग लिया और विभिन्न जातियों और वर्गों के नामों पर विचार किया गया। अंतिम निर्णय केंद्रीय चुनाव समिति करेगी। उपेंद्र कुशवाहा के नाम पर अब तक कोई चर्चा नहीं हुई है। राज्यसभा चुनाव 3 सितंबर को होंगे।

पटना: कौन बनेगा बिहार बीजेपी से राज्य सभा सदस्य? इस सवाल पर रविवार को देर शाम प्रदेश चुनाव अभियान समिति की बैठक में चर्चा हुई। अंत में बिहार प्रदेश चुनाव समिति ने बैठक की अध्यक्षता कर रहे डॉ. दिलीप जायसवाल और भिखू दलसनिया को बैठक में लाए गए नामों को शॉर्ट लिस्ट करने की लिए अधिकृत कर दिया।

### क्या हुआ प्रदेश चुनाव अभियान समिति ने?

प्रदेश चुनाव समिति की इस बैठक में 17 सदस्यों में से कुल 12 सदस्य ही शामिल हुए। संगठन महामंत्री भीखु भाई दलसानिया, डॉ. दिलीप जायसवाल, विजय सिन्हा, सम्राट चौधरी, तार किशोर प्रसाद, नित्यानंद राय, मंगल पांडे, डॉ. संजय जायसवाल, नंद किशोर यादव, प्रेम रंजन पटेल, धर्म शीला गुप्ता, जनक राम शामिल हुए। किसी कारणवश केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे, राधा मोहन सिंह, सांसद रवि शंकर प्रसाद और पूर्व उप मुख्यमंत्री रेणु देवी इस बैठक में नहीं आ सकीं।

मिली जानकारी के अनुसार इस बैठक में दो दर्जन से भी ज्यादा नामों पर चर्चा हुई। नामों के कोरम में यह ध्यान रखा गया कि कोई भी जाती या वर्ग इस से वंचित नहीं रहे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजपूत जाति से पांच, भूमिहार से पांच, ब्राह्मण से 4, कायस्थ से तीन, ओबीसी और अत्यंत पिछड़ा जाति से भी चार चार नाम आए। दलित से भी चार नाम आए। सबसे ज्यादा नाम ओबीसी और अत्यंत पिछड़ी जाति से आए। चुनाव समिति के 12 सदस्यों ने हर नाम पर चर्चा की। अंत में चुनाव समिति के पास विभिन्न स्रोतों से आए नामों को शॉर्ट लिस्ट करने के लिए चुनाव समिति की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल और संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया को अधिकृत कर दिया गया है।

### केंद्रीय चुनाव समिति करेगी अंतिम फैसला

मिली जानकारी के अनुसार हर जाति हर वर्ग से दो या तीन नाम शॉर्ट लिस्ट कर बीजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति को भेज दी जाएगी। अब केंद्रीय चुनाव समिति तय करेगी कि किस जाति से और कौन जायेगा जो बीजेपी के सामाजिक समीकरण को संतुष्ट कर पाएगा।

### उपेंद्र कुशवाहा का क्या होगा!




बिहार प्रदेश चुनाव समिति में बीजेपी के ही नेताओं के नाम की चर्चा हुई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उपेंद्र कुशवाहा को लेकर प्रदेश चुनाव समिति में कोई चर्चा नहीं हुई है।

पर बीजेपी के अंदर खाने में उपेंद्र कुशवाहा का जाना तय है। पर इसके लिए जनता दल यू (जेडीयू) की सहमति यानी नीतीश कुमार की सहमति जरूरी है। अगर नीतीश कुमार अपना दावा राज्य सभा के एक पद पर नहीं छोड़ते तो उपेंद्र कुशवाहा के राज्य सभा जाने पर ग्रहण लग सकता है।

### 3 सितंबर को होना है चुनाव

9 राज्यों की 12 राज्यसभा सीटों पर चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी हो चुकी है। 14 अगस्त को नोटिफिकेशन जारी कर दिया जाएगा, तो वहीं 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन होगा। 22 अगस्त को स्क्रूटनी होगी। अगर जरूरत पड़ी तो तीन सितंबर को होंगे चुनाव और शाम पांच बजे परिणाम घोषित भी हो जायेंगे।

# इंदौर में टाइल्स कर्मचारी की मौत

## निर्माणाधीन बंगले में काम कर रहा था; साथी को दूसरी मंजिल में तड़पते मिला

**इंदौर के गांधी नगर इलाके में रहने वाले एक टाइल्स कर्मचारी की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक वह अपने साथी के साथ एक मकान पर काम कर रहा था। तभी मशीन का तार लगाने ऊपर के फ्लोर में गया।**

लेकिन मशीन स्टार्ट नही होने के चलते दोस्त ऊपर देखने गया तो वह सीने पर हाथ रखकर तड़प रहा था। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया। यहां उसकी मौत हो गई।

गांधी नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आनंद(31) पुत्र जगदीश जटिया निवासी गरीब नवाज कॉलोनी की सोमवार को मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक आनंद बोहरा कॉलोनी सुपर कॉरिडोर पर एक निर्माणाधीन बंगले में टाइल्स लगाने का काम कर रहा था।

उसके दोस्त ने उसे ऊपर तार लगाने का कहा। आनंद को आवाज दी कि उसने तार लगाए या नही। आनंद की तरफ से जबाब नही आने पर दोस्त ऊपर गया तो आनंद सीने पर हाथ रखकर तड़प रहा था। उसे नजदीक के गीतंजली अस्पताल ले जाया गया।

यहां से डॉक्टरों ने बरोठ अस्पताल भेज दिया। लेकिन यहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। आनंद के परिवार में उसका एक छोटा भाई है। जो रेडीमेंड का काम करता है। वही पत्नी कृष्णा और 4 साल की बेटी व माता पिता है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।






# युवक की मौत पर होटल मालिक, मैनेजर पर केस पानी की जगह पिया था एसिड

### यूपी के दुकान कर्मचारी की कुछ देर में हो गई थी मौत

**इंदौर की सेन्ट्रल कोतवाली पुलिस ने उत्तर प्रदेश के एक कलर दुकान कर्मचारी की मौत के मामले में प्रेस्टीज होटल के मालिक और मैनेजर पर केस दर्ज किया है। पुलिस को जांच में पूरा मामला लापरवाही पूर्वक कृत्य करने का पाया गया।**

सेन्ट्रल कोतवाली पुलिस ने यतीन्द्र (40) पुत्र विनोद रावत निवासी हाथरस (उप्र) की मौत के मामले में जवाहर मार्ग स्थित प्रेस्टीज होटल के मैनेजर रवि टेनीवाल और मालिक करण पुत्र जवाहर लाल पगरानी निवासी मॉडल टाउन कॉलोनी अन्नपूर्णा रोड़ के खिलाफ लापरवाही को लेकर केस दर्ज किया है।

पुलिस ने जांच में पाया कि होटल में किसी भी कस्टमर के रुकने पर उसकी सुरक्षा का दायित्व होटल मैनेजर और मालिक का रहता है। उन्होंने कोल्ड्रिंक की बोतल में एसिड भरकर पीने के पानी के स्थान पर रखा हुआ था। जो पीने के चलते यतीन्द्र की मौत हो गई। यह होटल की सुरक्षा में एक चूक है।

### ये था पूरा मामला

सेन्ट्रल कोतवाली पुलिस के मुताबिक मृतक यतीन्द्र अपने मालिक शैलेन्द्र के साथ 16 जुलाई 2024 को इंदौर आया था। वे सियागंज इलाके की प्रेस्टीज होटल में ठहरे थे। सोमवार दोपहर यतींद्र ने वेटर से पानी मांगा तो उसने इशारे से बताया कि पानी कहां रखा है।

पुलिस के मुताबिक पानी की बॉटल के पास ही एसिड की बॉटल भी रखी थी। यतींद्र ने उसे पानी समझकर पी लिया। कुछ देर बाद यतींद्र के गले में जलन होने लगी। उसकी आवाज निकलना बंद हो गई। उसने शैलेंद्र से पांच सौ रुपए लिए और डॉक्टर को दिखाने के लिए कहा।

इसके बाद वह ऑटो से एमवाय अस्पताल पहुंचा। यहां डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर लिया और एसिड पीने की बात कही। उसने अपने मोबाइल से मालिक शैलेन्द्र को कॉल किया। शाम को उपचार के दौरान यतीन्द्र ने दम तोड़ दिया। दोनों व्यापारिक सिलसिले में नीमच से इंदौर आए थे। शैलेंद्र ने बताया था कि उनका कलर पेंट का काम है। यहां पर यतीन्द्र दो सालों से उनके यहां काम करता था।

# इंदौर में चलती एक्टिवा पर शख्स को आया अटैक बेटी ने रोते हुए लोगों से मांगी मदद; पुलिसकर्मी ने सीपीआर देकर बचाई जान

**इंदौर में एक शख्स को चलती एक्टिवा पर अटैक आ गया। साथ जा रही 14 साल की बेटी ने रोते हुए लोगों से मदद मांगी। तभी वहां से गुजर रहे एक हेड कॉन्स्टेबल ने उन्हें सीपीआर देकर उनकी जान बचाई।**



घटना इंदौर-महू रोड पर सोमवार शाम करीब 5.30 बजे की है। पीथमपुर के रहने वाले जगदीश अपनी बेटी के साथ जा रहे थे। तभी उन्हें घबराहट होने लगी। उन्होंने एक्टिवा साइड में रोकी। इसके बाद गाड़ी पर ही बैठ गए। बेटी उन्हें संभालने के लिए गाड़ी से उतरी। पिता को पसीने से लथपथ देख वह भी घबराने लगी। रोते हुए लोगों से मदद मांगने लगी। कुछ देर में वहां भीड़ लग गई।

### सीपीआर देने के बाद चलने लगी सांसें

किशनगंज थाने में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल राघवेंद्र रघुवंशी वहां बाइक से गुजर रहे थे। भीड़ देखकर वे रुके और बच्ची से पूछा तो उसने पिता की ओर इशारा किया। जगदीश तब तक जमीन पर गिर गए थे। राघवेंद्र ने तुरंत मामला समझकर उन्हें सीपीआर दी। कुछ ही सेकेंड में जगदीश की सांसें ठीक से चलने लगी। वे बेहोशी की हालत से बाहर आए। उन्होंने पुलिसवाले को धन्यवाद दिया।

# ओरियंटल कॉलेज के कर्मचारी पर चाकू से हमला-दो बदमाशों ने आधा दर्जन से अधिक वार किये,हालत गंभीर

**इंदौर** के रेवती इलाके में ओरियंटल कॉलेज के कर्मचारी को दो बदमाशों ने चाकू मारे। आरोपियों आधा दर्जन से अधिक वार किये। गंभीर हालत में कर्मचारी को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस अस्पताल पहुंची। यहां कर्मचारी के बयान लिये इसके बाद दोनो आरोपियों पर हत्या के प्रयास जैसी गंभीर धारा में केस दर्ज किया गया है।



बाणगंगा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अभिषेक(20) पुत्र किरण चौहान निवासी रेवती के बयान के आधार पर करन पिता धर्मेन्द्र और अजय पुत्र राजू पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। अभिषेक ने अपने बयान में बताया कि वह ओरियंटल कॉलेज प्रायवेट नौकरी करता है। वह रेवती पहाड़ी मंदिर के पास बैठा हुआ था। तभी करण और अजय वहां बाइक से आए। पूर्व में हुए एक विवाद को लेकर अपशब्द कहने लगे। दोनो से हटकर वहां से जाने लगा तो दोनो ने मारपीट करना शुरू कर दी। अजय ने दोनो हाथ पकड़े करण ने चाकू निकाला। इसके बाद करीब 7 से 8 बार चाकू मारे। जिसमें गर्दन,सिर,पीठ,कंधे पर लगकर चोट लगी। चाकू से लगातार चोट लगने के चलते अभिषेक वही गिर गया। दोनो मृत समझकर वही छोड़कर चले गए। कुछ देर बाद रिश्तेदार मुकेश और मंजू ढूंढते हुए वहां पहुंचे। यहां से उठाकर एमवाय लेकर आ गए। पुलिस दोनो आरोपियों की तलाश कर रही है। वही रात में तुकोगंज इलाके में अशोक पुत्र छोटेलाल पर भी बदमाशो ने हमला कर दिया। आरोपियों ने दोनो गाल और गर्दन पर चाकू से हमला किया। पुलिस मामले में आरोपियों की तलाश कर रही है।

# इंदौर के राउ में मवेशियो से भरी चार गाड़िया पकडाई

### हिंदूवादी थाने पहुंचे; गाडियो के कांच फोड़े



**इंदौर** के राउ इलाके में हिंदूवादियों ने सोमवार रात मवेशियों से भरी चार गाड़ियां पकड़ी। इस दौरान गाड़ी के ड्राइवरों की पिटाई करते हुए उन्हें पुलिस के सुपुर्द कर दिया। कुछ गाडियों के कांच भी हिंदूवादियों ने फोड़ दिए। खबर लिखे जाने तक थाने पर कार्रवाई को लेकर हिंदूवादी जमा थे।

राउ पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार रात हिंदू संगठन के लोगो को मवेशियों से भरी गाड़ी इलाके से निकलने की सूचना मिली थी। इसके बाद घेराबंदी कर चार गाड़ियां पकड़ी गई। जिसमें कई मवेशी भरे हुए थे। बाद में हिंदूवादी कार्रवाई को लेकर थाने पर जमा हो गए।

# इंदौर में रियल स्टेट ब्रोकर सहित दो से ऑनलाईन ठगी-राउ और मल्हारगंज में केस दर्ज

इंदौर के राउ और मल्हारगंज इलाके में ऑनलाइन ठगी के मामले में सामने आए है। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज किया है। एडीशनल डीसीपी आलोक शर्मा ने सोमवार रात 10 बजे मीडिया को दी जानकारी में बताया कि अमन राजपूत जो राउ इलाके में बायपास पर रहते है। उन्हें क्रेडिट कार्ड के पेंमेट को लेकर आईसीआईसीआई बैंक से कॉल किया था।

इस दौरान उनसे अलग अलग जानकारी लेकर वह नया क्रेडिट कार्ड बनाने और लिमिट बढ़ाने के नाम पर करीब 2 लाख 96 हजार की ठगी की गई। वही दूसरी ओर मल्हारगंज में भी तन्यम सोनवानिया के साथ इंस्टाग्राम की लिंक से मिले मैसेज के बाद लोन के नाम पर ठगी की गई। पुलिस ने दोनों मामले में केस दर्ज किया है।

# भक्ति और कर्म



आश्चर्य की बात है, की महाशिवरात्री के दिन लोग उपवास क्यों करते है ? मेरी कुछ समझ में नहीं आता यह प्रथा कौन से आधार पर बनायी गयी? या तो किसी चार सौ बीस लोगों ने शास्त्रों में यह बात लिखी है। आज के दिन उन्होंने गरल पिया था। और आप को भी आज के दिन हर चीज खाने की इजाजत है। आज आप गरल भी पी ले तो,` आज आपने बराबर निकाल लिया की आज आप उपवास करेंगे। मेरा आज इतने जोर से हृदय चक्र से खिंचाव पड़ रहा है। जिन जिन सहजयोगियों ने आज उपवास किया है मेरे हृदय चक्र को खिंचे जा रहा है। अंधानुकरण नहीं करना चाहिए सहजयोगियों को। सोच लेना चाहिए की जो दिन बड़ा ही ॉ ु१३३ल्ल का है, जिन्होंने गरल पी कर के संसार में विजय प्राप्त कर ली उस शिवजी का जब इतना बड़ा महोत्सव है, उस दिन भूखा मरना किसने बताया है? जिस दिन मनुष्य खुश होता है उस दिन ज्यादा ही खाता है। आज तो दो रोटी ज्यादा खाने का दिन है और आज सबने उपवास करके रखा हुआ है और इसलिए शिवजी सबसे नाराज है और इस चीज को शिवजी भी नहीं माफ कर सकते । तो हो गया आप लोगों का कल्याण! तभी आज सब दूर इतने बड़े बड़े शिव भक्त को पेहले ॉ१३ ३३ॅ आता है । आज खुशियाँ मनाने का दिन है। उन्होंने सारे संसार का जो कुछ भी गरल था उसे पी लिया। जो कुछ भी अहित था, जो कुछ भी पाप था, जो भी दुष्टता संसार में फैली हुई थी सबका उन्होंने शोषण कर लिया । ऐसे शिवजी के महान पर्व के दिवस में हमको इस तरह से मनहूस काम करना नहीं चाहिए। अगर हम किसी के जन्मदिवस पर उपवास करते है तो उसके मरने पर क्या हम लोग क्या खाना खाऐंगे? सब उल्टा कारबार हमारे यहाँ चलता रहता है। कोई मरता है, तो ब्राह्मण बैठ के खाना खाते है। जब कोई जन्म होता है, तो सब घरवाले लोग बैठ कर उपवास करते है। कैसे समझाया जाए ? कौन से शास्त्र में इसका आधार है ? और शास्त्रों में भी महामूरखों ने इस तरह की चीजें भर दी है । जिसको देखो उसको अपने शास्त्रों में दुनियाभर का अत्याचार कर दिया। एक सोच समझ रखनी चाहिए । आज के दिन उपवास का क्या अर्थ है? -21 फरव 1986

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की डेट को लेकर न हों कनफ्यूजन, जानें सही डेट और शुभ मुहूर्त

**वर्ष 2024 में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की डेट को लेकर लोग अधिक कन्फ्यूज हो रहे हैं। कुछ लोग श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 26 अगस्त की बता रहे हैं। वहीं कुछ जानकर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 27 अगस?त को मनाने की बात कह रहे हैं। आइए इस लेख में हम आपको हिंदू पंचांग के अनुसार बताएंगे कि जन्माष्टमी किस तारीख को मनाई जाएगी?**

**नई दिल्ली।** प्रत्येक वर्ष भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार बेहद उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन लड्डू गोपाल की पूजा की जाती है और व्रत करने का विधान है। धार्मिक मान्यता है कि भाद्रपद माह के अष्टमी तिथि पर भगवान श्रीकृष्ण का अवतरण हुआ था। चलिए जानते हैं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की डेट और शुभ मुहूर्त के बारे में।

## कब है श्रीकृष्ण जन्माष्टमी?

पंचांग के अनुसार, भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि की शुरुआत 25 अगस्त, 2024 दिन रविवार को रात 03 बजकर 39 मिनट पर होगी। वहीं, इसका समापन 26 अगस्त, 2024 दिन सोमवार को रात 2 बजकर 19 मिनट पर होगा। ऐसे में जन्माष्टमी 26 अगस्त को मनाई जाएगी।

## जन्माष्टमी पूजा विधि

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठें और दिन की शुरुआत देवी-देवताओं के ध्यान से करें। इसके बाद स्नान कर सूर्य देव को जल अर्पित करें। अब मंदिर की सफाई कर चौकी पर भगवान कृष्ण की मूर्ति विराजमान करें। विधिपूर्वक गंगाजल, पंचामृत समेत आदि चीजों से अभिषेक करें। गोपी चंदन का तिलक लगाएं। कान्हा का श्रृंगार करें और फूलमाला अर्पित करें। देसी घी का दीपक जलाकर आरती करें और मंत्रों का जप करें। प्रभु को माखन-मिश्री और फल आदि चीजों का भोग लगाएं। अंत में जीवन में सुख-शांति की कामना करें और लोगों में प्रसाद का वितरण करें।


भगवान श्रीकृष्ण के मंत्र
श्रीकृष्ण मूल मंत्र
हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे।
हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे।।
संकट नाशक मंत्र
कृष्णाय वासुदेवाय हरये परमात्मने।
प्रणत क्लेशनाशाय गोविन्दाय नमो नमः

## क्यों मनाई जाती है कृष्ण जन्माष्टमी, जानिए इतिहास और महत्व

भगवान विष्णु ने धरती पर पाप और अधर्म का नाश करने के लिए हर युग में अवतार लिया। विष्णु जी के एक अवतार भगवान श्रीकृष्ण हैं, जिनका जन्म मथुरा की राजकुमारी देवकी और वासुदेव की आठवीं संतान के रूप में हुआ था। राजा कंश की जेल में जन्में कान्हा का बचपन गोकुल में माता यशोदा और नंद बाबा की गोद में बीता। राजा कंस से बचाने के लिए वासुदेव ने कान्हा के जन्म के बाद ही अपने चचेरे भाई नंदबाबा और यशोदा को दे दिया था।

श्रीकृष्ण ने अपने जन्म से लेकर जीवन के हर पड़ाव पर चमत्कार दिखाए। श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े कई किस्से हैं, जो मानव समाज को सीख देते हैं। अधर्म और पाप के खिलाफ सही मार्गदर्शन करते हैं। उनके जन्मदिवस को उत्सव की तरह हर साल भक्त मनाते हैं। इस मौके पर जानिए कृष्ण जन्माष्टमी का इतिहास और महत्व।

## कब है कृष्ण जन्माष्टमी 2024



कृष्ण जन्माष्टमी हर साल भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की आष्टमी तिथि को मनाई जाएगी। इस बार कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व 28 अगस्त, 2024 को मनाया जा रहा है।

## कृष्ण जन्माष्टमी का महत्व

पुराणों के मुताबिक, श्रीकृष्ण त्रिदेवों में से एक भगवान विष्णु के अवतार हैं। कृष्ण के आशीर्वाद और कृपा को पाने के लिए हर साल लोग इस दिन व्रत रखते हैं, मध्य रात्रि में विधि विधान से पूजा अर्चना करते हैं। भजन कीर्तन करते हैं और जन्मोत्सव मनाते हैं। इस दिन के लिए मंदिरों को विशेष तौर पर सजाया जाता है। कुछ स्थानों पर जन्माष्टमी पर दही-हांडी का भी उत्सव होता है।

## कैसे मनाते हैं कृष्ण जन्माष्टमी?

जन्माष्टमी पर भक्त श्रद्धानुसार उपवास रखते हैं। भगवान श्रीकृष्ण की विशेष पूजा अर्चना की जाती हैं।

बाल गोपाल की जन्म मध्य रात्रि में हुआ था। इसलिए जन्माष्टमी की तिथि की मध्यरात्रि को घर में मौजूद लड्डू गोपाल की प्रतिमा का जन्म कराया जाता है। फिर उन्हें स्नान कराकर सुंदर वस्त्र धारण कराए जाते हैं। फूल अर्पित कर धूप-दीप से वंदन किया जाता है। कान्हा को भोग अर्पित किया जाता है। उन्हें दूध-दही, मक्खन विशेष पसंद हैं। इसलिए भगवान को भोग लगाकर सबको प्रसाद वितरित किया जाता है।

## क्यों और कैसे मनाते हैं दही हांडी?

कुछ जगहों पर जन्माष्टमी के दिन दही हांडी का आयोजन होता है। गुजरात और महाराष्ट्र में दही हांडी का विशेष महत्व है। दही हांडी का इतिहास बहुत दिलचस्प है। बालपन में कान्हा बहुत नटखट थे। वह पूरे गांव में अपनी शरारतों के लिए प्रसिद्ध थे। कन्हैया को माखन, दही और दूध बहुत प्रिय था। उन्हें माखन इतना प्रिय था कि वह अपने सखा संग मिलकर गांव के लोगों के घर का माखन चोरी करके खा जाते थे।

कान्हा से माखन बचाने के लिए महिलाएं माखन की मटकी को ऊंचाई पर लटका दिया करती, लेकिन बाल गोपाल अपने मित्रों के साथ मिलकर एक पिरामिड बनाकर उसके जरिए ऊंचाई पर लटकी मटकी से माखन चोरी कर लेते।

कृष्ण के इन्ही शरारतों को याद करने के लिए जन्माष्टमी में माखन की मटकी को ऊंचाई पर टांग दिया जाता है। लड़के नाचते गाते पिरामिड बनाते हुए मटकी तक पहुंचकर उसे फोड़ देते हैं। इसे दही हांडी कहते हैं, जो लड़का ऊपर तक जाता है, उसे गोविंदा कहा जाता है।

# सलमान का डबल रोल, Sikandar में 10,000 पिस्तौल के साथ एक्शन सीन, चार्टर्ड प्लेन में विलन के बेटे के संग घमासान





**सलमान खान की अपकमिंग फिल्म सिकंदर में उनका रोल कैसा होगा, इस बारे में कुछ नई जानकारी सामने आई है। एआर मुरुगादॉस के डायरेक्शन में बन रही एक्शन से भरपूर थ्रिलर फिल्म के एक्शन सीक्वेंस के लिए करीब 10,000 पिस्तौल और गोलियां मंगवाई गई हैं।**

सलमान खान और एआर मुरुगादॉस की एक्शन से भरपूर थ्रिलर फिल्म सिकंदर को लेकर लगातार जिस तरह के अपडेट्स सामने आ रहे हैं उससे फैन्स का उत्साह बढ़ता ही जा रहा है। हाल ही में खबर आई कि इस फिल्म में सलमान खान डबल रोल में नजर आएंगे। अब खबर है कि 22 अगस्त से शुरू होने वाले एक खास एक्शन सीक्वेंस के लिए करीब 10,000 पिस्तौल और गोलियां मंगवाई गई हैं।

अपनी अपकमिंग फिल्म सिकंदर में सलमान एक बिजनेसमैन की भूमिका निभा रहे हैं, जो समाज में अपने अच्छे काम के लिए जाना जाता है और इसी के साथ एक भूमिकादबंग वाली भी है। रिपोर्ट के मुताबिक, टीम 22 अगस्त से एक शानदार एक्शन सीक्वेंस की तैयारी कर रही है।

## हाई-ऑक्टेन सीक्वेंस को 40-दिन के शेड्यूल में शूट किया जाएगा


कहा जा रहा है कि इसकी जमकर तैयारी है कि ये सीक्वेंस रोमांच से भरपूर हो और इसलिए करीब 10,000 गोलियां और पिस्तौल मंगवाए गए हैं। मिड-डे की रिपोर्ट के मुताबिक , इस हाई-ऑक्टेन सीक्वेंस को 40-दिन के शेड्यूल में शूट किया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म निर्माता लीड एक्टर को एक अच्छे शख्स की भूमिका में दिखाते हुए हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस के साथ दर्शकों को लुभाने की योजना बना रहे हैं।

## विलन के बेटे के साथ जमकर फाइट सीन

बताया गया है कि पहले शेड्यूल के दौरान, सलमान खान ने एक पर्सनल चार्टर्ड प्लेन में विलन के बेटे के साथ जमकर हुए फाइट सीन को फिल्माया गया है। बाहुबली स्टार सत्यराज ने फिल्म के एक्शन सीक्वेंस में चार चांद लगा दिया है।

## फिल्म सिकंदर के लिए पूरी तरह से कमिटेड हैं सलमान

बता दें कि सलमान अपनी अपकमिंग फिल्म सिकंदर के लिए पूरी तरह से कमिटेड हैं, जो ईद 2025 पर रिलीज़ होने वाली है। इसी फिल्म की शूटिंग की वजह से उन्होंने पिछले दो महीनों से खुद को कई अन्य प्रोजेक्ट से दूर कर लिया है।



# आईपीएल 2025 से पहले लखनऊ से जुड़ेंगे जहीर खान, संभालेंगे यह बड़ी जिम्मेदारी!




**भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज जहीर खान आईपीएल 2025 से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ जुड़ सकते हैं। रिपोर्ट्स हैं कि उनको लखनऊ सुपर जायंट्स गौतम गंभीर की जगह मेंटोर बनाने का देख रही है।**

भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान को लेकर मेंटर की भूमिका के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ बात कर रहे हैं। अगर चल रही बातचीत सफल होती है, तो वह मुंबई इंडियंस में मेंटर के साथ-साथ लखनऊ को गेंदबाजी डिपार्टमेंट में भी मदद कर सकते हैं। 2023 में गौतम गंभीर के कोलकाता जाने के बाद से सुपर जायंट्स में कोई मेंटर नहीं है और मोर्ने मोर्कल के जाने से एक नई जगह खुल गई है। बता दें कि इस बात की पूरी संभावना जताई जा रही है कि मोर्ने मोर्केल ने या तो भारतीय टीम को बतौर गेंदबाजी कोच जॉइन कर लिया है या कुछ ही समय में बस करने वाले हैं।

## लखनऊ में क्या होगा जहीर खान का रोल?

आईपीएल के सूत्रों से पता चला है कि जहीर को उस भूमिका के लिए विचार किया जा रहा है जो गंभीर के पास थी और वह लखनऊ सुपर जायंट्स के गेंदबाजों को अपनी विशेषज्ञता भी प्रदान कर सकते हैं। वह खिलाड़ियों और फ्रेंचाइजी के मेनेजमेंट के लिए एक प्रमुख मध्यस्थता (दोनों पक्षों के बीच बातचीत कराने वाला) करने वाले होंगे।

## एलएसजी में किस कोचिंग स्टाफ के साथ काम करेंगे जहीर?

लखनऊ सुपर जायंट्स के सेटअप में जहीर खान मुख्य कोच जस्टिन लैंगर एडम वोग्स, लांस क्लूजनर और जोंटी रोड्स सहित कोचों की एक मजबूत टीम के साथ काम करेंगे। संजीव गोयनका की फ्रेंचाइजी में एक और प्रमुख कोच के शामिल होने की भी चर्चा हो रही है, जिसकी जानकारी अभी भी पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है।

## जहीर खान का इंटरनेशनल और आईपीएल करियर

45 साल के जहीर खान ने भारतीय क्रिकेट टीम के लिए 92 टेस्ट, 200 वनडे और 17 टी20 मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने टेस्ट में 311, वनडे में 282 तो टी20 में 17 विकेट झटके हैं। इसके अलावा खान को आईपीएल का भी अच्छा अनुभव है। उन्होंने100 आईपीएल खेले हैं, जिसमें जहीर खान ने 102 विकेट लिए हैं। आईपीएल में जहीर दिल्ली कैपिटल्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु और मुंबई इंडियंस के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने अपना आखिरी आईपीएल मैच 2017 में खेला था।



# ट्रक में घुसा श्रद्धालुओं का ऑटो,7 की मौत

## मृतकों में एक साल की बच्ची शामिल, 6 घायल; यूपी से बागेश्वर धाम जा रहे थे



**छतरपुर में श्रद्धालुओं से भरा ऑटो ट्रक में जा घुसा। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। 6 घायल हैं। 4 की हालत गंभीर है, जिन्हें ग्वालियर रेफर किया गया है। बाकी दो का इलाज छतरपुर जिला अस्पताल में चल रहा है।**

एक्सीडेंट कदारी के पास नेशनल हाईवे-39 पर मंगलवार सुबह करीब 5 बजे हुआ। मृतकों में बुजुर्ग और एक साल की बच्ची शामिल हैं।

सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मिक चौबे ने बताया कि उत्तर प्रदेश के महोबा रेलवे स्टेशन से 13 श्रद्धालु ऑटो से बागेश्वर धाम जा रहे थे। इसी दौरान ड्राइवर को झपकी आ गई और ऑटो ट्रक से जा टकराया।छतरपुर एसपी अगम जैन ने बताया कि पांच लोगों की घटनास्थल पर मौत हो गई थी, दो ने अस्पताल में दम तोड़ा। सभी श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं।

### मां को नहीं पता बेटी और पति मौत हो गई

हादसे में डेढ़ साल की अंशिका और उसके पिता जनार्दन की भी मौत हुई है। लेकिन मासूम की मां संगीता यादव को इस बारे में नहीं बताया गया है। संगीता ने बताया, हम लखनऊ के रहने वाले हैं। बेटी अंशिका के मुंडन के लिए बालाजी (बागेश्वर धाम) जा रहे थे। साथ में पति और तीन बेटियां थीं। बेटी के मुंडन से पहले हादसा हो गया। दो बेटियां यहीं हैं, लेकिन छोटी बेटी और पति नहीं दिख रहे हैं।

### इनकी हुई मौत

प्रेम नारायण कुशवाहा (ऑटो ड्राइवर??),जनार्दन
मनु श्रीवास्तव,नन्हे,गोविंद,लालू,अस्वी (उम्र एक साल)।

### ये घायल हुए...

मोनू (25) पिता रामनरेश श्रीवास्तव निवासी फर्रुखाबाद, यूपी
अंशिका (8) पिता जनार्दन यादव निवासी लखनऊ, यूपी
अनुष्का (10) पिता जनार्दन यादव निवासी लखनऊ, यूपी
संगीता (50) पति जनार्दन यादव
हरीश (20) पिता विनोद यादव निवासी बलरामपुर, यूपी
रामसंही (36) पिता श्रीराम यादव निवासी बलरामपुर, यूपी

## नशा मुक्ति केंद्र में डॉक्टर की पीट-पीटकर हत्या

रीवा में नशा मुक्ति केंद्र(एनजीओ) में एक डॉक्टर की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। डॉक्टर एनजीओ डायरेक्टर की पत्नी से बातचीत करता था। इसी बात से आरोपी नाराज था। पुलिस ने एनजीओ डायरेक्टर समेत 5 लोगों पर हत्या का केस दर्ज किया है। तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं दो आरोपी फरार है।

घटना सोमवार दोपहर करीब 3 बजे की है। थाना प्रभारी कमलेश साहू के मुताबिक कृष्णा नगर में रहने वाले रुद्र सेनगुप्ता पद्मधर कॉलोनी में संचालित न्यू संकल्प नशा मुक्ति केंद्र (हृहृह्र) में ढाई साल से डॉक्टर थे। गंभीर हालत में डॉक्टर को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### ऑफिस के काम के बहाने आरोपियों ने बुलाया

रीवा एसपी विवेक सिंह ने बताया कि सोमवार दोपहर 3 बजे के आसपास नीलेश तिवारी ने डॉ. रूद्र सेनगुप्ता को फोन किया और कहा कि जरूरी काम से बैकुंठपुर चलना है, तुरंत ऑफिस आ जाओ। इसके बाद डॉक्टर सेनगुप्ता नशा मुक्ति केंद्र पहुंचे। यहां केंद्र डायरेक्टर शशांक तिवारी, नीलेश तिवारी और राजकुमार तिवारी और प्रसून तिवारी सहित एक महिला प्रियंका तिवारी पहले से बैठे हुए थे।

### बातचीत बहस में बदली, फिर डॉक्टर को पीटने लगे

आरोपियों ने पहले तो डॉक्टर से पूछताछ शुरू की। थोड़ी ही देर में दोनों पक्षों की बीच की बातचीत बहस में बदल गई। इसी दौरान आरोपियों ने मिलकर डॉ. रूद्र सेनगुप्ता पर हमला बोल दिया। डॉक्टर के सिर में गंभीर चोटें लगी हैं। शरीर के कई हिस्सों से खून बहने लगा था। गंभीर हालत में डॉक्टर ने अपने घर वालों को सूचना दी और फिर परिजन उसे अस्पताल ले गए।

### एसपी ने कहा- गंभीर चोट हो सकती हैं मौत की वजह

एसपी विवेक सिंह ने बताया कि अभी पोस्टमॉर्टम हो रहा है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह सामने आएगी। मारपीट की वजह से कुछ अंदरुनी चोटें लगी है। प्रारंभिक रूप से इन्हीं चोटों की वजह से मौत होना माना जा रहा है। पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। प्रसून तिवारी, शशांक तिवारी और प्रियंका तिवारी को गिरफ्तार कर लिया गया हैं। फिलहाल केंद्र को सील कर दिया है।




# इंदौर निगम ने सड़कों के गड्ढे भरना शुरू किया

## पूरे शहर में एकसाथ चलेगा काम; 22 जोन में 22 जेसीबी और 22 डंपर लगाए

**नगर निगम ने सड़कों के गड्?ढे भरना शुरू कर दिया है। सभी 22 जोन में 22 जेसीबी और 22 डंपर लगाकर पैचवर्क किया जा रहा है। प्रमुख सड़कों, चौराहों के साथ ही निगम कॉलोनी के अंदर की सड़कें भी सुधारेगा। यह काम लगातार जारी रहेगा।**

सोमवार को खंडवा रोड, झाबुआ टॉवर के आगे, रेलवे स्टेशन मार्ग, राम मंदिर बड़ी ग्वालटोली, सरवटे बस स्टैंड क्षेत्र के आसपास, जवाहर मार्ग, गंगवाल बस स्टैंड क्षेत्र, भोलाराम उस्ताद मार्ग, स्कीम 140 क्षेत्र, भंडारी ब्रिज चौराहा, डीआरपी लाइन चौराहा, श्रम शिविर चौराहा, चिकमंगलूर चौराहा, जेल रोड चौराहा, एमजी रोड पुलिस थाना चौराहा व अन्य क्षेत्रों में काम शुरू किया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव व जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौड़ ने बताया बारिश के दौरान गड्ढे भरने का काम जारी रहता है। कॉलोनी के अंदर लिंक सड़कों को भी सुधारा जाएगा।

क्षेत्र के आसपास, जवाहर मार्ग, गंगवाल बस स्टैंड क्षेत्र, भोलाराम उस्ताद मार्ग, स्कीम 140 क्षेत्र, भंडारी ब्रिज चौराहा, डीआरपी लाइन चौराहा, श्रम शिविर चौराहा, चिकमंगलूर चौराहा, जेल रोड चौराहा, एमजी रोड पुलिस थाना चौराहा व अन्य क्षेत्रों में काम शुरू किया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव व जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौड़ ने बताया बारिश के दौरान गड्ढे भरने का काम जारी रहता है। कॉलोनी के अंदर लिंक सड़कों को भी सुधारा जाएगा।






# IDA सिंहस्थ से पहले बनाएगा अहिल्यापथ

## 1400 हेक्टेयर जमीन पर नोटिफिकेशन जल्द

**इंदौर विकास प्राधिकरण ने अहिल्यापथ को योजना में आधिकारिक रूप से घोषित कराने की तैयारी पूरी कर ली है। प्राधिकरण ने 8 गांवों की 1400 हेक्टेयर जमीन का योजना के रूप में नोटिफिकेशन कराने के लिए प्रस्ताव तैयार कर लिया है। 3 दिन में यह प्रस्ताव सरकार को भेज दिया जाएगा। 90 मीटर चौड़ा और 15 किमी लंबा रोड सिंहस्थ से पहले बनाया जाना है।**

उज्जैन जाने के लिए वैकल्पिक और फास्ट रोड न केवल मिलेगा, बल्कि दोनों तरफ नया इंदौर भी बसाया जाएगा। आवासीय, व्यावसायिक बसाहट भी की जाएगी। गोल्फ सिटी का भी प्रावधान किया गया है। संभागायुक्त दीपक सिंह, सीईओ रामप्रकाश अहिरवार ने नोटिफिकेशन के लिए भेजे जाने वाले प्रस्ताव की समीक्षा की है।

### 15 किमी में 5 योजनाएं रहेंगी

अहिल्यापथ पर आवासीय योजना भी रहेगी। 15 किलोमीटर के हिस्से में कुल 5 योजनाएं प्रस्तावित की हैं। तकरीबन 400 करोड़ रुपए पहले चरण में खर्च किए जाएंगे।

### ये सुविधाएं रहेंगी अहिल्या पथ पर

रोड के दोनों तरफ आवासीय, व्यावसायिक योजनाओं में सघन पौधारोपण किया जाएगा।

सभी योजनाओं के कुल क्षेत्रफल का 5 के बजाय 7 फीसदी रकबा हरियाली के लिए आरक्षित रहेगा।

3 बड़े सिटी फॉरेस्ट, रीजनल पार्क भी योजनाओं में बनाए जाएंगे।

सभी पार्क, स्ट्रीट लाइट 100 फीसदी सोलर सिस्टम से ही चलाई जाएगी।

# इंदौर में बीजेपी विधायक मेंदोला के घर पहुंचे CM

## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने परिवार को दी सांत्वना, विधायक के पिता के निधन पर जताया शोक





**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को इंदौर पहुंचे। यहां उन्होंने इंदौर-2 से बीजेपी विधायक रमेश मेंदोला के निवास पहुंचकर उनके पिता चिंतामणी मेंदोला के निधन पर शोक जताया और श्रद्धा सुमन अर्पित किए। शोकाकुल परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की।**


रविवार को विधायक रमेश मेंदोला के पिता चिंतामणि मेंदोला का 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे कुछ समय से बीमार थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव के साथ इस दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सीएम डॉ यादव यहां से एयरपोर्ट जाएंगे और वहां से भोपाल के लिए रवाना हो होंगे।

# इंदौर DAVV कराएगा ऑनलाइन कॉपी

## टीचर के चेहरे से ही होगा लॉग-इन; कॉपी चेकिंग की ऐसी होगी पूरी प्रोसेस

इंदौर की देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी ने ऑनलाइन मूल्यांकन की तैयारी कर ली है। यूनिवर्सिटी ने एग्जाम कॉपी चेकिंग की पारंपरिक व्यवस्था को तकनीकी की मदद से बदलने का कदम उठाया है। इसके तहत स्टूडेंट्स की कॉपी स्कैन कर टीचर्स को कम्प्यूटर पर ऑनलाइन उपलब्ध करवाई जाएगी। टीचर कॉपी चेक कर यहीं पर नंबर भी दे देंगे। जानिए क्या है पूरी प्रोसेस और इससे क्या फायदा होगा।

### ऐसी होगी ऑनलाइन कॉपी चैकिंग की प्रक्रिया




- ऑनलाइन चेकिंग सिस्टम में सुरक्षा और गोपनीयता का खास ध्यान रखा गया है।
- स्टूडेंट की कॉपी को सबसे पहले स्कैन किया जाएगा।
- हर स्टूडेंट की कॉपी पीडीएफ प्रारूप में बदली जाएगी।
- सिर्फ मूल्यांकन-कर्ता को सॉफ्टवेयर में एडिट का ऑप्शन दिया जाएगा।
- मूल्यांकन-कर्ता को सॉफ्टवेयर में एडिट के लिए पहले लॉग इन करना होगा।
- इसके लिए वैरिफिकेशन की प्रोसेस पूरी करनी होगी।
- मूल्यांकनकर्ता यानी टीचर के फेस (चेहरे) से ही लॉग इन होने के बाद कॉपी नजर आएगी और चैकिंग का काम शुरू होगा।

### चेकिंग सिस्टम को लेकर प्रेजेंटेशन देखा

ऑनलाइन कॉपी चेकिंग सिस्टम के लिए देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के द्वारा टीसीएस से सहयोग लिया जा रहा है। दोनों के बीच बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है। कंपनी चेकिंग सिस्टम को लेकर प्रेजेंटेशन दे चुकी है। जिसे कुल गुरु डॉ.रेणु जैन सहित यूनिवर्सिटी के अन्य आला अधिकारियों ने देखा है। कंपनी इसके लिए एक सॉफ्टवेयर बनाएगी, जो एमपी ऑनलाइन के साथ काम करेगा।

### पायलट प्रोजेक्ट के तहत कुछ कोर्स सिलेक्ट

ऑनलाइन कॉपी चेकिंग सिस्टम को लेकर यूनिवर्सिटी स्टेप बाय स्टेप आगे बढ़ रही है। शुरुआत में कुछ कोर्स की कॉपी ऑनलाइन चेक करवाने का फैसला लिया गया है। अधिकारियों के अनुसार पायलट प्रोजेक्ट के तहत अभी बीबीए, बीसीए, एमबीए जैसे कोर्स को शामिल किया है। इन कोर्स में सक्सेस मिलने पर अन्य कोर्स की कॉपी चेकिंग भी ऑनलाइन सिस्टम से जोड़ दी जाएगी।

सिस्टम के बारे में यूनिवर्सिटी के अधिकारी और कर्मचारियों को सॉफ्टवेयर के बारे में बाकायदा ट्रेनिंग दी जाएगी। परीक्षा विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों के प्रशिक्षण का पहला चरण पूरा हो चुका है। उन्हें शुरुआती जानकारी दे दी गई है।

### DAVV के दायरे में अब भी 225 से ज्यादा कॉलेज

खरगोन में नई यूनिवर्सिटी बनने के बाद डीएविवि के दायरे में अब सवा दो सौ से ज्यादा कॉलेज हैं, जबकि सवा दो लाख से ज्यादा स्टूडेंट हैं। नई यूनिवर्सिटी बनने से खरगोन, बड़वानी, खंडवा, बुरहानपुर और आलीराजपुर जिलों के कॉलेज डीएविवि के दायरे से बाहर हो गए हैं। 1 जुलाई से एकेडमिक बदलाव लागू हो चुका है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन.22 सेक्टर एफ सांवेर रोड इण्डस्ट्रीयल एरिया ,इंदौर,म.प्र. एवं जी-1,कॉस्मिक रीजेन्सी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर, म.प्र. से प्रकाशित - संपादक गोपाल गावन्डे ( पी.आर.बी. ) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र इंदौर रहेगा )